वकील वादीगण द्वारा आवश्यक सुनवाई का प्रार्थना पत्र पेश होने पर पत्रावली आज पेशी पर ली गयी। पत्रावली पेश हुयी। वकील उभय पक्षकारान उपस्थित। प्रतिवादी संख्या 06 की ओर से पूर्व में पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 07 नियम 11 सी0पी0सी का आज रेकर्ड पर लिया गया। प्रार्थना पत्र की नकल वकील वादीगण को दिलायी गयी। वकील वादीगण ने आदेश 07 नियम 11 सी0पी0सी0 का जवाब पेश किया। नकल अधिवक्ता प्रतिवादीगण को दिलायी गयी, जिस पर वकील उभय पक्षकारान् ने आज ही बहस करनी चाही। उभय पक्षकारान की बहस सुनी गयी। अधिवक्ता प्रतिवादी संख्या 06 ने अपने प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यो को हूबहू दोहराते जाहिर किया कि वादग्रस्त भूमि राजस्व ग्राम सिरमण्डी के खसरा नंबर 2408/1, 2417/4, 2417/1, 2417/3, 2451, 2451/1, 2452 की भूमि बाबत यह वादपत्र पेश किया प्रकरण हाजा से संबंधित पक्षकारो के मध्य उपरोक्त समस्त विवादग्रस्त भूमि के खसरान की भूमि बाबत एक वाद पत्र राजस्व न्यायाल ओसियां में वाद संख्या 67/2014 आज दिन भी विचाराधीन है एवं उक्त प्रकरण की तारीख पेशी न्यायालय हाजा में 17/11/2020 को मुकर्रर है तथा इसी खसरान की भूमि बाबत एक वादपत्र वाद संख्या 161/2013 चलकर निर्णीत हुआ, वर्तमान में उक्त वादपत्र की पत्रावली राजस्व अपील अधिकारी जोधपुर में आज दिन चल रही है तथा राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी में वादीगण का विवादग्रस्त भूमि में 1/3 हिस्सा पहले से दर्ज है आज दिन भी राजस्व रेकर्ड चालू जमाबन्दी में प्रत्येक वादीगण का पृथक से 1/9 – 1/9 हिस्सा दर्ज है इसलिए वादीगण की ओर ने जानबूझकर वास्तविक तथ्यो का छुपाकर यह नया वादपत्र पेश किया है जो विधि के प्रावधानो के विपरित है अतः वादीगण के वादपत्र नामंजूर किया जावे।

उक्त प्रार्थना पत्र का जवाब में वादीगण के अधिवक्ता प्रतिवादी संख्या 06 की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का खण्डन कर जाहिर किया कि जो माननीय राजस्व अपील अधिकारी, जोधपुर व राजस्व न्यायालय ओसियां मे विचाराधीन प्रकरण तथा इस प्रकरण में पक्षकार समान नहीं है तथा इस वाद से अन्य वाद का कोई संबंध नहीं है तथा वाद कारण भी एक नहीं है तथा उक्त वादग्रस्त भूमि की चालू जमाबन्दीयो की प्रति भी पूर्व में पेश है तथा जमाबन्दियो मे कोई भिन्नता नहीं है इसलिए प्रतिवादीगण का प्रार्थना पत्र में वर्णित विधि के सिद्धान्त, वादीगण की ओर से प्रस्तुत वादपत्र पर लागू नहीं होते है इसलिए प्रतिवादी संख्या 06 की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे।

प्रतिवादी संख्या 06 की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र आदेश 7 नियम 11 सी0पी0सी0 के साथ राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी तथा राजस्व

सहायक कलेक्टर, ओसियां

Scanned with CamScanner